**Need to provide benefits of 7th Pay Commission to lecturers of Polytechnic College in Daman as per the decision of CAT.-laid**

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** मै सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि दमण स्थित पॉली टेक्नीक कॉलेज के lecturers को अब तक 7 वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार संशोधित वेतन नहीं मिल रहा हैं । यह दुखद है कि जब 8 वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की बात की जा रही है, इन lecturers को अपने हक़ के पैसे लेने के लिए मजबूरन Central Administrative Tribunal (CAT) की मुंबई बेंच में याचिका दायर करनी पड़ी । CAT ने lecturers के पक्ष में निर्णय देते हुए कॉलेज को 7 वें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुसार वेतन देने के लिए निर्देशित किया । हालांकि कॉलेज ने निर्णय को लागू करने के बजाय CAT के निर्णय की अवमानना करते हुए इन lecturers के तबादले कर दिए । इन याचिकाकर्ताओं ने इसके विरुद्ध जब अवमानना याचिका दायर की । फिर से CAT ने UT प्रशासन को संशोधित वेतन देने के लिए निर्देशित किया । उसके बाद भी प्रशासन ने इस निर्देश को लागू नहीं किया है । मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि इन सभी lecturers को उनके हक़ का वेतन तथा एरियर समेत, तत्काल प्रभाव से दिया जाए एवं उन सभी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए जिन्होंने CAT के निर्णयों की अवमानना की है ।